प्रेस-विज्ञप्ति **23.09.2020**

आज दिनांक 23.09.2020 समय सायं 04:30 बजे से मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल ने सयुक्त तत्वाधान में शहर के मध्य में जी.टी,रोड के समानांतर स्थित अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन हटाने सम्बंधित एक संवादात्मक चर्चा का आयोजन किया।

मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन ने कहा कि व्यापारियों एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्यरत यह चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश उक्त कार्य के लिए लगभग एक दशक से अधिक समय से प्रयासरत रहा है। मर्चेंट्स चेम्बर द्वारा अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन हटाने हेतु उचित स्तर पर रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक व रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार एवं चेयरमैन रेलवे बोर्ड को लगातार प्रस्तावित सुझावो को प्रेषित करता रहा है। मर्चेंट्स चेम्बर एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल के सहयोग से संघर्ष समिति बनेगी जो इस दिशा में पूर्ण दृढ़ निश्चय के साथ कार्यरत होगी।

मर्चेंट्स चेम्बर के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. आई.एम. रोहतगी ने कहा कि कानपुरवासी काफी लम्बे समय से अनवरगंज से मंधना तक बिछी रेलवे लाइन को हटाने तथा पनकी को मंधना से जोड़ने के सम्बन्ध में अपनी पीड़ा व्यक्त करते रहे है। इस रेलवे लाइन को अगर समस्या का दूसरा पर्यायवाची कहें तो अतिशयोक्ति न होगी। कानपुर जी.टी.रोड पर समानांतर से 18 रेलवे क्रौसिंग स्थित है जो शहर वासियों के लिए न केवल घंटो जाम का कारण बनती है व अत्यंत हानिकारक और जहरीला वायु प्रदुषण उत्पन्न करती है बल्कि व्यापार पर भी प्रतिकूल असर डालती है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल के प्रदेश महामंत्री श्री ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि जी टी रोड पर विकराल जाम का मुख्य कारण बनी मंधना से अनवरगंज तक रेलवे लाइन के समानांतर मंधना के करीब आई आई टी से मेट्रो की घोषणा होने के उपरांत इस रास्ते पर आने जाने का एक विकल्प होने से मंधना से आने जाने वालों का साधन मिल जाएगा।

मण्डल के संगठन महामंत्री व गुमटी न 5 व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजे गुप्ता ने कहा अनवरगंज मंधना रेलवे लाईन के हटने से अरबो रुपये की धनराशि की लगभग 18 किमी लम्बी ज़मीन खाली होगी इससे कम धनराशि में मंधना से पनकी की ज़मीन अधिग्रहण सहित नया ट्रेक भी बिछ जाएगा जिससे महानगर को विकराल जाम से मुक्ति मिलने के साथ चौड़ी जी टी रोड और शहर का विकास भी होगा । इस रेलवे लाइन से जुड़ी बाज़ारो के अस्तित्व व व्यापार को बचाने के लिए अनवरगंज मंधना रेलवे लाइन स्थानांतरित होना ही एकमात्र विकल्प व ज़रूरत है ।

उक्त संवादात्मक चर्चा में चैम्बर के अध्यक्ष मुकुल टंडन, डॉ. आई.एम.रोहतगी, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, श्री ज्ञानेश मिश्रा, श्री महेंद्र नाथ मोदी, पीड़ित बाजारों में 80 फीट रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री आलोक श्रीवास्तव, जरीब चौकी व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री संजय मिश्रा, अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल के युवा अध्यक्ष सरदार गुरजिन्दर सिंह, गुमटी महामंत्री श्री अनुराग बालूजा, गुरु नानक मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन सरदार भूपेंद्र भाटिया, जरीब चौकी से श्री गोविन्द गुप्ता व श्री अजय गुप्ता, श्री मनीष वंशदानी उपस्थित थे जिन्होंने निम्नलिखित बातों पर चर्चा की:

गत दिनों में शहर के प्रतिष्ठित अखबारों के माध्यम से यह ज्ञात भी हुआ था कि सरकारी स्तर पर अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन हटाने सम्बन्धी सर्वे हुआ था एवं रेलवे के आधिकारिक स्तर पर प्रस्तावित डीपीआर पर बैठकें भी आयोजित होती रहती थी परन्तु उक्त कार्रवाई केवल कागजों में ही सिमट कर रह गयी।

वार्ता में उपस्थित सहभागियों ने यह सुझाव दिया एवं तय हुआ कि:

- मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश से व्यक्तिगत रूप से मुलाक़ात करेगा।
- यहकि मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तरप्रदेश से उक्त रेलवे लाइन हटाने सम्बन्धी एक ज्ञापन माननीय मुख्य-मंत्री, उत्तर प्रदेश को तथा एक अन्य ज्ञापन रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा जाएगा साथ ही प्रधानमंत्री, भारत सरकार, के प्रधान सचिव को एक ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा
- यहकि ज्ञापन में मुख्य रूप से इस बात पर प्रयास रहेगा कि अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन को हटाने में रेलवे को अतिरिक्त खर्चे का वहन नहीं करना होगा बल्कि खर्चों की प्रतिपूर्ति उक्त रेलवे लाइन को हटाकर उस जगह का चौड़ीकरण करके यदि उसका भू-उपयोग परिवर्तन अर्थात व्यवसायी करण किया जाता है तो यह एक रेवेन्यू का जरिया स्वतः बन जायेगा।
- यहकि उक्त रेलवे लाइन को हटाने सम्बन्धी एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण माननीय मुख्य-मंत्री, उत्तर प्रदेश को तथा एक रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार को किया जाएगा जिसमें उक्त रेलवे लाइन से आम जनसाधारण को हो रही समस्याओं एवं रेलवे हटाने सम्बन्धी समाधान का पूर्ण ब्यौरा उपलब्ध होगा।